# हरिभूमि रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार 8 मई 2026

तापमान
अधिकतम 39 .6 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री

**शहर में आज**
- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा सुबह 8:45 बजे गांव खरावड़ के कन्या विद्यालय में
- किलोई में जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता सुबह 9 बजे
- नेकिराम में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

## तारकोल की कमी से 1.64 करोड़ की सड़कों का निर्माण अटका

### दिल्ली बाइपास के आगे मस्तनाथ रोड निर्माण तीन माह से धीमा, काम अधूरा

- *धूल, गड्ढों और जलभराव से आमजन और वाहन चालक परेशान, जोखिमभरा हुआ सफर*
- *सेक्टर-3 की सड़क भी अधूरी, लोग हो रहे चोटिल, स्थानीय लोगों ने समाधान की मांग उठाई*
- *अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य पर सिर्फ डाली जा रही सामग्री बरसात में हो जाता है जलभराव*
- *आसपास के दुकानदारों का व्यापार हो रहा चौपट, दूसरी जगह पलायन करने की सोच रहे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



हरिभूमि सरोकार

करीब आठ वर्षों से बदहाल पड़ी दिल्ली बाइपास फ्लाईओवर के आगे की सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने के बावजूद लोगों को अब तक राहत नहीं मिल पाई है। नगर निगम द्वारा लगभग 1 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से 1400 मीटर लंबी सड़क बनाने की योजना पर काम तो शुरू किया गया, लेकिन पिछले तीन माह से निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। हालात यह हैं कि सड़क पर केवल निर्माण सामग्री डालकर काम अधूरा छोड़ दिया गया है, जबकि तारकोल न मिलने के कारण सड़क निर्माण आगे नहीं बढ़ पा रहा। दिल्ली बाइपास शहर में आने-जाने का प्रमुख मार्ग माना जाता है। रोजाना हजारों वाहन सड़क से गुजरते हैं, लेकिन लंबे समय से सड़क की हालत खराब होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### जोखिम भरा सफर

जगह-जगह गड्ढे, टूटी सड़क और धूल के कारण सफर जोखिमभरा बन गया है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि सड़क पर पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण के दौरान जलभराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए सड़क का नया लेवल तय करने की योजना बनाई गई थी। सड़क का स्तर दिल्ली की ओर जाने वाली सड़क के बराबर रखा जाना था, ताकि बारिश के समय पानी जमा न हो। इसके साथ ही सड़क किनारे नाले की व्यवस्था भी प्रस्तावित की गई थी, जिससे बरसाती पानी आसानी से निकाला जा सके। लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति ने इन योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### रुक-रुककर हो रहा काम

काम शुरू होता है तो फिर हो जाता है बंद स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन महीनों से कभी सड़क पर रोड़ी डाली जाती है तो कभी मिट्टी, लेकिन उसके बाद कई दिनों तक काम बंद पड़ा रहता है। लोगों के अनुसार कई बार मशीनें और मजदूर भी मौके पर दिखाई नहीं देते। सड़क पर फैली निर्माण सामग्री के कारण धूल उड़ रही है, जिससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी हो रही है।

#### तारकोल मिलने पर शुरू होगा निर्माण कार्य

फिलहाल इसके बारे में पता किया था, तारकोल न मिलने के कारण सड़क का निर्माण कार्य रुका हुआ है। ऐसे में अभी उस पर पत्थर ही डाले जा रहे है। लेकिन जल्द इसका समाधान होगा। तारकोल जल्द मिलने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। **-मनीष ग्रोवर**, पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार

#### सेक्टर-3 में काम शुरू हुआ फिर रोका

सेक्टर-3 में भी टूटी सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा था। लेकिन किसी कारणवश अब वह काम भी रुका हुआ है। कुछ जगहों पर सड़क बनाकर अधूरी छोड़ दी गई है। ऐसे मे लोगों के आवागमन में भी बाधा आ रही है। यहीं नहीं लोग शिकायत भी कर रहे है, लेकिन उनकी शिकायतों का समाधान नहीं करवाया जा रहा है।

## जेल से छूटोगे पर पुलिस की नजर से नहीं

- **नया प्लान :** अपराधियों का डिजिटल डेटा रिकॉर्ड तैयार कर रही पुलिस
- पैरोल, जमानत या सजा पूरी कर लौटने वालों की होगी मॉनिटरिंग
- मोबाइल, जीपीएस, एड्रेस व सोशल मीडिया से ट्रैकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरिभूमि विशेष

अब जेल से बाहर आने वाले हर आरोपी और सजायाफ्ता अपराधी पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। चाहे वह जमानत पर बाहर आया हो, पैरोल पर घर लौटा हो या फिर सजा पूरी करके जेल से निकला हो, उसकी गतिविधियों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। पुलिस ने ऐसे लोगों का रिकॉर्ड अपडेट करने और उनकी हर गतिविधि पर नजर रखने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि कई बार जेल से बाहर आने के बाद अपराधी फिर से पुराने गैंग और आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हो जाते हैं। इससे चोरी, लूट, रंगदारी और गैंगवार जैसी घटनाएं बढ़ती हैं। इसी को रोकने के लिए अब थाना स्तर पर विशेष निगरानी तंत्र तैयार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के उन लोगों की सूची तैयार करें, जो हाल ही में जेल से बाहर आए हैं। इनकी वर्तमान लोकेशन, मिलने-जुलने वाले लोगों और गतिविधियों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। पुलिस ऐसे लोगों के घरों पर समय-समय पर विजिट भी करेगी।

#### संदिग्ध गतिविधि मिलने ही तुरंत होगी गिरफ्तारी

पुलिस अब पैरोल पर बाहर आने वाले कैदियों की गतिविधियों पर भी नजर रखेगी। स्थानीय पुलिस उनकी गतिविधियों और संपर्कों की जांच करेगी। पैरोल की शर्तों के उल्लंघन या संदिग्ध गतिविधि मिलने पर रिपोर्ट जेल प्रशासन को भेजी जाएगी और जरूरत पड़ने पर दोबारा गिरफ्तारी भी की जा सकती है।

#### कई थानों में दी जाएगी अपराधियों की सूची

पुलिस अब पुराने मैनुअल रिकॉर्ड के बजाय डिजिटल डेटा तैयार कर रही है। जेल से बाहर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूरा प्रोफाइल अपडेट किया जाएगा। इसमें उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड, गैंग से संबंध, मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया गतिविधि और वर्तमान पता शामिल रहेगा। बताया जा रहा है कि कई थानों में ऐसे अपराधियों की अलग सूची बनाकर बीट पुलिस को जिम्मेदारी दी गई है। बीट कर्मचारी समय-समय पर रिपोर्ट तैयार करेंगे।



#### गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर पुलिस के रडार पर

पुलिस गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर और संगठित अपराध से जुड़े आरोपियों पर विशेष नजर रखेगी। जेल से बाहर आते ही कई अपराधी फिर सक्रिय हो जाते हैं। इसे रोकने के लिए खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है।

#### पुलिस की नजर में रहेंगे पुराने अपराधी

सूत्रों के अनुसार पुलिस उन अपराधियों की भी फाइल खंगाल रही है, जो लंबे समय से शांत हैं लेकिन उनका पुराना रिकॉर्ड गंभीर अपराधों से जुड़ा रहा है। पुलिस का मानना है कि कई बार शांत बैठे अपराधी अचानक किसी बड़ी वारदात में सामने आ जाते हैं। इसलिए अब पुराने रिकॉर्ड को दोबारा अपडेट कर उनकी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

#### सूची तैयार की जाएगी

- जमानत, पैरोल और सजा पूरी कर बाहर आने वालों की सूची तैयार
- थाना स्तर पर रिकॉर्ड अपडेट होगा
- बीट पुलिस करेगी नियमित जांच
- संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट
- गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर पर विशेष नजर
- जरूरत पड़ने पर खुफिया तंत्र की मदद

#### इसलिए फैसला

- जेल से बाहर आकर फिर हो जाते हैं सक्रिय
- गैंगवार, रंगदारी की घटनाओं में बढ़ोतरी
- अपराधियों के फिर से नेटवर्क बनाने का खतरा
- अपराध होने से पहले करना चाहती है रोकथाम

#### बेवजह नहीं करेंगे परेशान

इस अभियान का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि अपराध को रोकना है। यदि कोई व्यक्ति जेल से बाहर आने के बाद सामान्य जीवन जीना चाहता है तो पुलिस उसे बेवजह परेशान नहीं करेगी। लेकिन यदि उसकी गतिविधियां संदिग्ध मिलती हैं तो तुरंत कार्रवाई होगी। **-गौरव राजपुरोहित**, एसपी रोहतक

## मोहित मर्डर केस में 5 टीमें गठित अलग-अलग एंगल से जांच तेज

### पुलिस को मिले अहम सुराग, शरीर पर चाकू के 11 घाव

- *आखिरी लोकेशन खंगालने में जुटी टीमें पुराने झगड़े के एंगल से भी की जा रही जांच*
- *पुलिस संदिग्धों के ठिकानों पर लगातार दे रही दबिश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नई अनाज मंडी के पीछे बाईपास किनारे युवक मोहित की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज करते हुए पांच विशेष टीमें गठित की हैं। टीमें अलग-अलग एंगल पर काम करते हुए सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और संदिग्ध युवकों की गतिविधियों की जांच कर रही हैं। पुलिस को घटनास्थल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कई अहम सुराग मिले हैं। मृतक के शरीर पर 11 चाकू के घाव पाए गए हैं, जिससे हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है।

#### नशे की हालत में घूम रहा था मोहित



जांच में सामने आया है कि वारदात वाली रात मोहित शराब के नशे में था। परिवार और परिचितों ने भी पुलिस को बताया कि वह अक्सर देर रात तक बाहर रहता था। चचेरे भाई ने पुलिस को जानकारी दी कि रात करीब आठ बजे उसने मोहित को किला रोड इलाके में नशे की हालत में देखा था। इसके बाद वह वहां से चला गया और फिर वापस नहीं लौटा। पुलिस अब उसी रूट को जोड़कर जांच कर रही है, जहां-जहां से मोहित गुजरता दिखाई दिया। शुरुआती फुटेज में वह अकेला नजर आया है, लेकिन पुलिस को आशंका है कि आगे रास्ते में कुछ लोग उसके संपर्क में आए होंगे।

#### दो युवकों के साथ हुआ था विवाद

मोहित के शरीर पर मिले 11 चाकू के घावों ने पुलिस को यह मानने पर मजबूर कर दिया है कि हत्या केवल सामान्य झगड़े का परिणाम नहीं है। गर्दन और पेट पर जिस तरह लगातार वार किए गए, उससे हमलावरों के गुस्से और रंजिश की आशंका जताई जा रही है। मृतक के छोटे भाई ने दो युवकों पर शक जाहिर किया है। परिवार का कहना है कि कुछ दिन पहले मोहित का दोनों युवकों के साथ विवाद हुआ था और मामला मारपीट तक पहुंच गया था।

#### सीसीटीवी खंगाल जुटा रही सबूत

हत्या के खुलासे के लिए पुलिस ने पांच टीमें बनाई हैं। एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, दूसरी टीम संदिग्ध युवकों की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं अन्य टीमें मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और मोहित के संपर्क में रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ अहम इनपुट हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर संदिग्धों के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। हालांकि अभी तक किसी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

## गर्मी की छुट्टियों से पहले ट्रेनों में बढ़ी भीड़, कई रूटों पर लंबी वेटिंग

*ऑनलाइन बुकिंग खुलते ही मिनटों में फुल हो रहीं ट्रेनों की सारी सीटें*

- *घूमने और घर जाने के लिए लोगों ने शुरू की एडवांस बुकिंग*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



गर्मी की छुट्टियां शुरू होने में अभी समय है, लेकिन ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ अभी से बढ़ने लगी है। रोहतक रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनों में सीटों की भारी कमी देखने को मिल रही है। घूमने और घर जाने की तैयारी कर रहे लोगों ने पहले से टिकट बुक करवानी शुरू कर दी है, जिसके चलते कई रूटों पर लंबी वेटिंग चल रही है। हालात ऐसे हैं कि कुछ ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 100 के पार पहुंच चुकी है। सबसे ज्यादा दबाव वैष्णो देवी, हरिद्वार, उदयपुर, राजस्थान, शिमला और जम्मू की ओर जाने वाले रूटों पर देखा जा रहा है। इसके अलावा मुंबई, गोवा और मध्यप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रेलवे की ऑनलाइन बुकिंग शुरू होते ही कुछ ही मिनटों में सीटें फुल हो रही हैं। ऐसे में जिन लोगों ने समय रहते टिकट बुक नहीं करवाई, उन्हें अब परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोहतक के कई परिवारों ने गर्मी की छुट्टियों में घूमने का कार्यक्रम बनाया हुआ है। वहीं बड़ी संख्या में छात्र और नौकरीपेशा लोग भी छुट्टियों के दौरान अपने घर जाने की तैयारी में हैं। लेकिन ट्रेनों में सीट नहीं मिलने से कई यात्रियों की योजनाएं प्रभावित होने लगी हैं। कुछ लोगों ने मजबूरी में वेटिंग टिकट ले ली है, जबकि कई लोग टिकट कन्फर्म न होने के डर से अपने प्लान रद्द करने पर विचार कर रहे हैं।

#### रेलवे स्टेशन जाकर जानकारी ले रहे लोग

रेलवे स्टेशन पर भी टिकट संबंधी जानकारी लेने वालों की भीड़ बढ़ गई है। वहीं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर टिकट बुकिंग के दौरान यात्रियों को काफी इंतजार करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि छुट्टियों के सीजन में हर साल भीड़ बढ़ती है, लेकिन इस बार सामान्य दिनों की तुलना में काफी पहले ही ट्रेनों में दबाव दिखाई देने लगा है।

#### छुट्टियों में और बढ़ेगी यात्रियों की संख्या

आगामी दिनों में यात्रियों की संख्या और बढ़ सकती है। इसी को देखते हुए अतिरिक्त कोच लगाने और कुछ स्पेशल ट्रेनों के संचालन की संभावना पर विचार किया जा रहा है। हालांकि अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। यात्रियों का कहना है कि यदि समय रहते अतिरिक्त ट्रेनें नहीं चलाई गईं तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है। लोगों ने रेलवे से मांग की है कि प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## बड़ा सवाल दो अलग-अलग मामले : हत्या आत्महत्या या हादसा, उलझी गुत्थी

### डोभ में युवक की गोली लगने से मौत घर के पास घायल पड़ा मिला आनंद

- सीने में लगी थी गोली, अस्पताल में तोड़ा दम, जांच में उठ रहे कई अहम सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव डोभ में वीरवार को उस समय सनसनी फैल गई जब 32 वर्षीय युवक आनंद उर्फ अन्ना संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल मिला। युवक को तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। मामला आत्महत्या का है या फिर किसी ने युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतारा है, इसे लेकर पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। शुरुआती जांच में कई सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि घटनास्थल के पास कोई हथियार नहीं मिला। इसी वजह से पुलिस हत्या की आशंका को भी गंभीरता से देख रही है।



#### युवक के सीने से बह रहा था खून

गांव डोभ निवासी आनंद दोपहर गांव के ही युवक राहुल के मकान के पास गंभीर हालत में पड़ा मिला। सीने से खून बह रहा था। उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### घटनास्थल से नहीं मिला कोई हथियार

घटना के बाद बहुअकबरपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। थाना प्रभारी महेश कौशिक ने बताया कि घायल युवक के पास कोई हथियार नहीं मिला, जिससे मामला संदिग्ध बन गया है।

#### बयान के आधार पर आगे बढ़ रही जांच

परिजनों और करीबी लोगों के बयान दर्ज कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि युवक की किसी से रंजिश थी या वह मानसिक तनाव में था। आनंद उर्फ अन्ना की गोली लगने से हुई मौत से गांव में हैरानी और चर्चाओं का माहौल है।

### मकड़ौली कलां के पास रजबाहे में मिला किशोरी का शव, डूबी या डुबोई

- क्षेत्र में सनसनी फैली, दो दिन पुराना बताया जा रहा शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव मकड़ौली कलां के पास गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब रजबहे में एक किशोरी का शव पड़ा मिला। शव पानी में मुंह के बल पड़ा हुआ था। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने जैसे ही शव देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फिलहाल किशोरी की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम और शिनाख्त के लिए पीजीआई के डेड हाउस में रखवा दिया है। मृतका की उम्र करीब 15 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि किशोरी की मौत डूबने से हुई या फिर हत्या के बाद शव रजबाहे में फेंका गया। इस रहस्य से पर्दा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उठ सकेगा।



#### एफएसएल टीम पहुंची और जांच शुरू की

खेतों के पास रजबहे में मिला युवक का शववीरवार दोपहर मकड़ौली कलां गांव के पास समड़ियां वाले कुएं के नजदीक रजबहे में युवक का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर सदर थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

#### गांव में तरह-तरह की चर्चा, जांच में खुलेगा सच

घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ लोग इसे हादसा मान रहे हैं, जबकि कई ग्रामीण हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि शव करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

**आज एमडीयू में सांस्कृतिक कार्यक्रम, शानदार रहा आकाशवाणी रोहतक का सफर**

## रागनी, चौपाल और खेती बाड़ी पर चर्चा के 50 साल पूरे, रेडियो बना लोगों का भरोसेमंद साथी, कलाकारों को मिला पहचान का बड़ा मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आज का दिन रोहतक ही नहीं, पूरे हरियाणा के सांस्कृतिक और सामाजिक इतिहास में खास महत्व रखता है। ठीक 50 साल पहले आज ही के दिन आकाशवाणी रोहतक से पहली बार आवाज़ हवा की लहरों पर तैरती हुई लोगों के घरों तक पहुंची थी। उस दौर में रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं, जानकारी और मनोरंजन का सबसे भरोसेमंद साथी हुआ करता था। आकाशवाणी शुक्रवार को इस मौके पर आरके ऑडिटोरियम में सुबह दस बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगा। 8 मई 1976 को मुख्यमंत्री बनारसीदास गुप्ता ने प्रदेश के पहले आकाशवाणी केंद्र का शुभारंभ किया था। यह सफर धीरे-धीरे लोगों की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया था। गांव की चौपाल से लेकर शहरों के ड्राइंग रूम तक, हर जगह आकाशवाणी की आवाज गूंजती थी। सुबह की शुरुआत भजन और समाचारों से होती, तो शाम को लोकगीत और कार्यक्रम परिवारों को एक साथ बैठने का मौ\का देते थे। अगर हम देश की बात करें तो आकाशवाणी की सेवाओं को अब 90 वर्ष हो चुके हैं।




रोहतक ही नहीं अपितु पूरे हरियाणा में आकाशवाणी रोहतक ने खास भूमिका निभाई। किसानों के लिए प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों ने खेती-किसानी की नई तकनीकों से उन्हें परिचित कराया। बुजुर्ग आज भी याद करते हैं कि किस तरह वे रेडियो के पास बैठकर कृषि दर्शन जैसे कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खेती के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति को पहचान दिलाने में भी आकाशवाणी रोहतक का बड़ा योगदान रहा।

#### यादों का खजाना

पुरानी पीढ़ी के लोगों के लिए आकाशवाणी यादों का खजाना है। 70 वर्षीय महेंद्र सिंह बताते हैं है कि पहले हमारे घर में टीवी नहीं था, रेडियो ही सब कुछ था। समाचार सुनने से लेकर गीत-संगीत तक, पूरा परिवार एक साथ बैठता था। वहीं, गृहिणी सुशीला देवी कहती है कि रेडियो की आवाज में अपनापन था, ऐसा लगता था जैसे कोई अपना ही बात कर रहा हो। आज जब आकाशवाणी का रोहतक केंद्र अपने 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है, तो यह सिर्फ एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि उन अनगिनत आवाजों, कहानियों और यादों का उत्सव है।

#### उत्तर प्रदेश के लोग भी सुनते थे हमारे कार्यक्रम



आकाशवाणी एक दौर में जनमानष की आवाज होता था। हर वर्ग के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। अगर मोरनी हिल को अपवाद मान लिया जाए तो पूरे हरियाणा में आकाशवाणी की पहुंच होती थी। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग भी हमारे कार्यक्रम बड़े चाव से सुनते थे। क्योंकि वहां से लोगों की हमें लगातार चिट्ठियां कार्यक्रम को लेकर आती थी। चहल ने कहा कि कुछ कार्यक्रम बंद हो गए तो कुछ नए प्रोग्राम आकाशवाणी से इस समय प्रसारित हो रहे है।

**-डॉ. रामफल चहल,** सेवानिवृत्त निदेशक, आकाशवाणी

#### युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए नए कार्यक्रम शुरू किए

समय के साथ तकनीक बदली, टीवी और इंटरनेट ने अपनी जगह बनाई , लेकिन आकाशवाणी ने खुद को भी बदला। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी इसकी मौजूदगी है और युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। फिर भी इसकी जड़ों में वही सादगी और भरोसा आज भी कायम है।

**-संजय बाली,** केंद्र अधीक्षक आकाशवाणी

# यह माल नहीं, गंदगी का गोदाम




- सीवर ओवरफ्लो से हालात बदहाल
- सड़क पर हर तरफ फैला गंदा पानी
- एक माह में 5वीं बार टूटी व्यवस्था
- श्रद्धालुओं और व्यापारियों को परेशानी

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शामिल माल गोदाम रोड पर सीवर ओवरफ्लो की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। पिछले एक माह में पांचवीं बार सीवरेज लाइन ओवरफ्लो होने से सड़क पर गंदा पानी जमा हो गया है, जिससे आम लोगों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैले दूषित पानी और कीचड़ के कारण यहां से गुजरना जोखिम भरा बन चुका है। माल गोदाम रोड शहर का प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र माना जाता है, जहां रोजाना हजारों लोग रिटेल का सामान खरीदने पहुंचते हैं। इसके साथ ही इसी मार्ग पर स्थित दुर्गा भवन मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और माथा टेकने आते हैं। लेकिन सड़क पर फैले सीवर के पानी ने पूरे क्षेत्र की स्थिति खराब कर दी है। बदबू और गंदगी के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वीरवार को हालात उस समय और चिंताजनक हो गए जब एक स्कूटी चालक सड़क पर भरे गंदे पानी के बीच से गुजर रहा था। पानी में गड्ढा दिखाई नहीं देने के कारण स्कूटी अचानक असंतुलित होकर गड्ढे में जा गिरी। चालक अपने साथ सामान लेकर जा रहा था, जिससे उसे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसकी मदद कर स्कूटी को बाहर निकाला। घटना के बाद लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिली।

### शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सीवर ओवरफ्लो की समस्या पिछले लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। कई बार शिकायत देने के बावजूद केवल औपचारिक सफाई कर मामला शांत कर दिया जाता है। कुछ दिन बाद फिर वही स्थिति बन जाती है। व्यापारियों का कहना है कि गंदगी और बदबू के कारण ग्राहक भी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे कारोबार पर असर पड़ रहा है।



### गंदगी पर जताई नाराजगी

श्रद्धालुओं ने भी मंदिर के आसपास फैली गंदगी पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि धार्मिक स्थल के पास इस तरह की अव्यवस्था प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। लोगों ने मांग की है कि सीवरेज व्यवस्था की स्थायी मरम्मत कर जल्द समाधान किया जाए, ताकि बार-बार सड़क पर गंदा पानी न जमा हो। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# बड़ा सवाल? किसानों को क्यों नहीं भा रहे सरकारी पोर्टल

**किसानों का आरोप** — पोर्टल व्यवस्था से बढ़ी दिक्कतें, भुगतान और खरीद प्रक्रिया प्रभावित

**सरकार का दावा** — डिजिटल सिस्टम से आई पारदर्शिता, फर्जीवाड़े पर लगी रोक



रोहतक। अपनी मांगों के लिए मार्केट कमेटी सचिव दीपक लोहचब को ज्ञापन देते संयुक्त किसान मोर्चा और विभिन्न किसान संगठनों के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश में कृषि से जुड़े विभिन्न सरकारी पोर्टलों को लेकर किसानों और सरकार के बीच लंबे समय से खींचतान जारी है। वीरवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने एक बार फिर पोर्टल व्यवस्था का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मार्केट कमेटी सचिव दीपक लोहचब को दिया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि पोर्टल आधारित व्यवस्था ने खेती को आसान बनाने के बजाय किसानों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। वहीं सरकार का कहना है कि डिजिटल पोर्टल से फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है और बिचौलियों की भूमिका कम हुई है। संयुक्त किसान मोर्चा और विभिन्न किसान संगठनों का कहना है कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा, फसल खरीद, भुगतान और सत्यापन जैसे पोर्टलों के कारण किसानों को बार-बार तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमजोर व्यवस्था, पोर्टल का बार-बार बंद होना और डेटा अपडेट में देरी किसानों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। किसान सभा के प्रदेश सचिव सुमित दलाल बताते हैं कि भुगतान भी समय पर नहीं मिल पाता, ऐसे में पोर्टल का क्या फायदा। नेताओं ने कहा कि सरकार 72 घंटे में भुगतान का दावा किया करती है, लेकिन किसानों का भुगतान फसल उठान न होने के कारण अटका रहता है।

### सरकार का पक्ष

सरकार का कहना है कि कृषि पोर्टल व्यवस्था किसानों के हित में शुरू की थी। इसका उद्देश्य फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना, फर्जीवाड़े पर रोक लगाना और भुगतान सीधे किसानों के खाते में भेजना है। सरकार के अनुसार पहले खरीद प्रक्रिया में फर्जी रिकॉर्ड की शिकायतें आती थीं। पोर्टल के बाद वास्तविक किसानों का डेटा तैयार हुआ है। इससे भुगतान प्रक्रिया भी डिजिटल और ट्रैक करने योग्य बनी है। अधिकारियों बोले कि शुरुआत में तकनीकी दिक्कतें आना स्वाभाविक है, लेकिन पोर्टलों में सुधार किया जा रहा है। किसानों की सहायता के लिए कॉमन सर्विस सेंटर, हेल्प डेस्क और मंडियों में कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है।

## गेहूं भुगतान में देरी पर किसानों का रोष, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

रोहतक। रोहतक। गेहूं की फसल का बकाया भुगतान जारी करने, फसल उठान में तेजी लाने और खरीद प्रक्रिया से जुड़ी नई शर्तों को वापस लेने की मांग को लेकर वीरवार को संयुक्त किसान मोर्चा रोहतक ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मार्केट कमेटी सचिव दीपक लोहचब को दिया गया। संयुक्त किसान मोर्चा रोहतक के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय किसान सभा और भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। किसान नेताओं ने सरकार की फसल खरीद और भुगतान व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा 72 घंटे के भीतर भुगतान करने के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। मंडियों में गेहूं की फसल डाले किसानों को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन फसल उठान धीमा होने के कारण भुगतान अटका हुआ है। इससे किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेताओं ने कहा कि किसान पहले ही खेती की बढ़ती लागत और मौसम की मार से जूझ रहे हैं। ऐसे में समय पर भुगतान नहीं मिलने से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। किसान संगठनों ने सरकार से मांग की कि गेहूं का उठान तेज किया जाए और किसानों का लंबित भुगतान तुरंत जारी किया जाए। इसके साथ ही सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई फसल खरीद की नई शर्तों को वापस लेने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसान नेताओं का कहना था कि ये शर्तें किसानों के हितों के खिलाफ हैं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार चला रही व्यक्तिगत ऋण योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से व्यक्तिगत ऋण योजना संचालित कर रही है।

- वर्ष 2026-27 में रोहतक के लिए 74 मामलों का लक्ष्य निर्धारित

इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंक के माध्यम से एक लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। योजना का संचालन हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला रोहतक के लिए वर्ष 2026-27 में 74 मामलों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है तथा वे हरियाणा की स्थायी निवासी हैं। आवेदनकर्ता महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए और वह किसी अन्य ऋण योजना में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए।

### अनुसूचित वर्ग की महिलाओं को मिलेंगे 10 हजार

डीसी ने बताया कि सामान्य वर्ग की महिलाओं को 10 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 25 हजार रुपये तक की अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग की नकारात्मक सूची और गैरकानूनी गतिविधियों को छोड़कर अन्य सभी स्वरोजगार गतिविधियां इस योजना में शामिल हैं। महिलाएं ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, रेडीमेड कपड़ों का कार्य, फूड स्टॉल, स्टेशनरी, पापड़ और अचार निर्माण जैसे छोटे व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। महिलाओं से इस योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करवाने होंगे। सभी दस्तावेजों की दो-दो प्रतियां देना अनिवार्य है।

## आर्य स्कूल में बच्चों ने मनाया मातृ दिवस, खूब नाचे नन्हें मुन्ने



महम। मातृ दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते आर्य स्कूल मदीना के नन्हें मुन्ने बच्चे। फोटो: हरिभूमि

**महम।** नर्सरी एवं केजी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए भी मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विशेष गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी माताओं की आंखों के फोटो देखकर उन्हें पहचानने का रोचक प्रयास किया। वहीं माताओं ने भी आंखों पर पट्टी बांधकर अपने बच्चों को स्पर्श और अनुभूति के माध्यम से पहचानने का प्रयास किया, जिससे मां और बच्चों दोनों के बीच प्रेम, अपनत्व और भावनात्मक जुड़ाव की गहराई का सुंदर अनुभव हुआ। इसके अतिरिक्त नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। कविताएं सुनाईं तथा मधुर गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को भावनात्मक एवं आनंदमय बना दिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता माताओं एवं बच्चों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की समस्त गतिविधियों का आयोजन विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल नेहा चुघ एवं प्राइमरी इंचार्ज ममता गर्ग के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## न्यूज डायरी



### अंगदान से कई जिंदगियों को मिलता नया जीवन : डॉ. अग्रवाल

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल को अंगदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स द्वारा सम्मानित किया गया। कुलपति कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अंगदान महादान है और एक व्यक्ति का निर्णय कई लोगों को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद देश में अंगदान को लेकर नई जागरूकता आई है। उन्होंने लोगों से अपने परिवारों में अंगदान पर चर्चा करने और इसके लिए संकल्प लेने की अपील की। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने बताया कि कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने अंगदान के क्षेत्र में कई सकारात्मक पहल की हैं। वहीं यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया ने कहा कि डॉ. अग्रवाल के प्रयासों से पीजीआईएमएस में अंगदान को सामाजिक आंदोलन का रूप मिला है। कार्यक्रम में पत्रकारों, विश्वविद्यालय अधिकारियों और संगठन पदाधिकारियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



रोहतक। शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनूप सिंह मान, रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल व लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 62 लोगों ने निभाई भागीदारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की विवेकानंद लाइब्रेरी तथा भारत विकास परिषद की रत्न शाखा के संयुक्त सहयोग से लाइब्रेरी के पास स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में एमडीयू के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनूप सिंह मान, रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल, लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक तथा गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। शिविर के सफल आयोजन में परिषद परिवार के विजय गुप्ता, आत्म प्रकाश भुटानी, मनोज जैन, हर्ष श्री खेड़ा, सतनाम सिंह भयाना, राकेश गिरधर, विनोद खन्ना तथा ललित बंसल ने सक्रिय सहयोग दिया। शाखा सचिव सतनाम सिंह भयाना ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# आरकेपी स्कूल के 25 छात्र एनसीसी कैडेट चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

आरकेपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स (जूनियर विंग) भर्ती का चयन कमांडिंग ऑफ़िसर कर्नल सुखबिंदर, कर्नल अमन चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी सूबेदार मनोज कुमार और हवलदार हेमराज की देखरेख और मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। स्कूल की एनसीसी. केयर टेकर ऑफ़िसर डॉ. सुषमा दूहन ने बताया कि एनसीसी अधिकारियों द्वारा लिखित परीक्षा के साथ- साथ शारीरिक परीक्षण लेने हेतु विद्यार्थियों की दौड़ प्रतियोगिता करवाई तथा उनकी चिकित्सकीय जांच भी की गई। इस दौरान आठवीं कक्षा के 25 विद्यार्थियों का एन.सी.सी. कैडेट के रूप में चयन किया । स्कूल निदेशक साहिल दांगी ने इस मौके पर विद्यार्थियों को एनसीसी में चयनित होने के लिए बधाई दी और उन्हें अनुशासित जीवन जीते हुए श्रेष्ठ कैडेट्स बनने के लिए प्रेरित किया । प्रधानाचार्या गीता राठी ने छात्रों को अनुशासित जीवनशैली अपनाने और राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरित होकर एनसीसी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

- लिखित परीक्षा व शारीरिक परीक्षण के आधार पर हुआ चयन

# द आर्यन पब्लिक स्कूल में एनसीसी के नए बैच के लिए 33 कैडेट चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लखन माजरा स्थित द आर्यन पब्लिक स्कूल में एनसीसी के नए बैच के चयन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। चयन प्रक्रिया में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, फिटनेस, अनुशासन और समग्र प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया गया। एनसीसी एएनओ अवन ने बताया कि कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुखबीर सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन चौधरी के निर्देशानुसार जेडी और जेडब्ल्यू वर्ग के लिए कुल 33 कैडेट्स का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को आगामी प्रशिक्षण शिविरों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। इन शिविरों में उन्हें सैन्य अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यालय की प्राचार्या निशा मोंगा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है, जो उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। विद्यालय की डायरेक्टर अनीता सिंह ने चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्यालय प्रशासन की सदस्य लता दहिया ने चयनित कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## जीएसटी बार एसोसिएशन रोहतक के संरक्षक बने रमेश चंद जैन

**रोहतक।** जीएसटी बार एसोसिएशन के कार्यालय में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसोसिएशन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद जैन को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का 'पैटर्न' (संरक्षक) नियुक्त किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि जैन के लंबे कानूनी अनुभव और मार्गदर्शन से एसोसिएशन को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में प्रधान अमित गोयल, उप-प्रधान गौरव जुनेजा, सचिव अजय कुमार और कोषाध्यक्ष नीरज तायल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने लंबित मांगों पर सरकार के खिलाफ जताया रोष




**रोहतक।** ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक बुधवार को रोडवेज भवन में जिला प्रधान राजेन्द्र फौगाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव नानक चंद मल्होत्रा ने किया। इसमें जिले के विभिन्न ब्लॉक व तहसील स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़, वरिष्ठ नेता जलकरण बल्हारा तथा वित्त सचिव प्रेम सिंह सैनी ने संबोधित किया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों व अधिकारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री द्वारा चंडीगढ़ में प्रतिनिधिमंडल को लंबित मांगों के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**चुनाव** | डीसी ने नपा चुनाव पर अधिकारियों के साथ की बैठक

# चुनाव के लिए पेड विज्ञापन स्थल निर्धारित, दो स्कवेड टीमें गठित

बस स्टैंड के पास यूसी क्षेत्र, दीनबंधु छोटूराम संस्थान के सामने खुला मैदान प्रचार के लिए चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने सांपला नगर पालिका आम चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार के लिए पेड विज्ञापन स्थल निर्धारित किए हैं। साथ ही आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के लिए दो फ्लाईंग स्कवेड टीमें गठित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार सांपला नगर पालिका क्षेत्र में कई स्थानों को



अधिकृत पेड विज्ञापन स्थल घोषित किया गया है। इनमें बस स्टैंड के पास यूसी क्षेत्र, दीनबंधु छोटूराम बहुतकनीकी संस्थान के सामने खुला मैदान, कैनाल रेस्ट हाउस मैदान, वार्ड नंबर 3 का पार्क, वार्ड 7 में राजकीय अस्पताल के निकट खुला मैदान, वार्ड 8 और 9 में तालाब के पास खुले मैदान, वार्ड 15 का पार्क, सांपला टैक्सी स्टैंड, राष्ट्रीय राजमार्ग और बाईपास रोड के बीच नगर पालिका भूमि, बीपीएल कॉलोनी के पीछे बासु तालाब क्षेत्र तथा चौधरी छोटूराम पार्क शामिल हैं।

### प्रत्याशी राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशों का करें पालन

चुनाव आयोग ने नगर निकाय चुनाव के लिए सांपला नगर पालिका में चुनाव हेतू दो फ्लाईंग स्कवेड की टीम गठीत की है। पहली टीम में अंशुल कादयान, सोनू, प्रदीप कुमार, गिरीश बत्तरा तथा राजेश कुमार को शामिल किया गया है। दूसरी फ्लाईंग स्कवेड टीम में विशाल मिश्रा, जगजीत मलिक, सुरेंद्र सिंह, नवीन तथा नीरज हुड्डा शामिल हैं। आदेशों के अनुसार दोनों टीमें सीधे रिटर्निंग अधिकारी-कम-उपमंडलाधीश को रिपोर्ट करेंगी।

## सांपला नपा चुनाव प्रचार आज होगा संपन्न, मतदान 10 मई को

**रोहतक।** सांपला की उपमंडलाधीश एवं नगर पालिका सामान्य चुनाव की रिटर्निंग अधिकारी अंकिता पुवार ने बताया कि नगर पालिका आम चुनाव के तहत 10 मई को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले यानी 8 मई को सायं 6 बजे चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी केवल घर-घर जाकर ही वोट मांग सकेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान की सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सांपला तहसील कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। इसकी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों सहित सभी जरूरी प्रबंध किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद उनकी कमीशनिंग की गई तथा मशीनों की पूरी जांच भी की गई। चुनाव के लिए 16 वार्डों में 16 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदान कर्मियों को ईवीएम की कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 मई को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी और प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

## सांपला में चुनावी शंखनाद, सीएम सैनी ने विपक्ष पर साधा निशाना

# ट्रिपल इंजन की सरकार से बढ़ेगी विकास की रफ्तार

### नपा चुनाव के रण में गरमाई सांपला की सियासत, सीएम ने किया जनसभा को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

नगर पालिका चुनाव के रण में गुरुवार को सांपला की सियासत उस समय गरमा गई जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां चुनावी शंखनाद करते हुए भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने "ट्रिपल इंजन सरकार" का नारा देते हुए दावा किया कि यदि नगर पालिका में भी भाजपा की सरकार बनी तो विकास कार्यों की रफ्तार कई गुना बढ़ जाएगी। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई जनसभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। मंच से मुख्यमंत्री ने भाजपा के चेयरमैन और पार्षद प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते हुए कहा कि इस बार निकाय चुनाव में भाजपा एकतरफा जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश में भाजपा सरकार और निकाय में भाजपा बोर्ड बनने से विकास कार्य बिना किसी रुकावट के तेजी से आगे बढ़ेंगे।



सांपला। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

#### 217 संकल्पों में 63 पूरे

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से किए गए 217 संकल्पों में से 63 पूरे किए जा चुके हैं, जबकि बाकी पर तेजी से काम चल रहा है। निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने 21 नए संकल्प भी तैयार किए हैं। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में विकास को नई दिशा दी है। अब ट्रिपल इंजन सरकार बनने से नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा।

#### 50 सरपंच भाजपा में आए

जनसभा के दौरान भाजपा को उस समय बड़ा राजनीतिक बल मिला जब सांपला ब्लॉक के 19 और रोहतक ब्लॉक के 31 सरपंचों ने भाजपा का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। राजनीतिक जानकार इसे निकाय चुनाव से पहले भाजपा के लिए बड़ा संदेश मान रहे हैं। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि गांवों में भी पार्टी के प्रति समर्थन तेजी से बढ़ रहा है।

#### कार्यकर्ता के घर पी चाय

सभा के बाद मुख्यमंत्री ने एक भाजपा कार्यकर्ता के निवास पर पहुंचकर चाय भी पी। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### कांग्रेस और आप पर हमला

सभा के दौरान मुख्यमंत्री विपक्षी दलों पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस महिलाओं के अधिकारों की बात तो करती है, लेकिन जब उन्हें अधिकार देने का समय आता है तो पीछे हट जाती है। वहीं, आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने पंजाब सरकार को घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज तक पूरे नहीं हुए। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि शाम होते ही पंजाब के मुख्यमंत्री खुश हो जाते हैं, फिर उन्हें सारा पिंड मित्रां दा लगने लगता है। मुख्यमंत्री के इस बयान पर सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने जमकर तालियां बजाईं।

# अधिकारी परीक्षा संचालन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें : कुलपति पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर लगाए रोक

परीक्षा प्रणाली की शुचिता को सुनिश्चित करने, तथा सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से परीक्षाएं आयोजित करने का आह्वान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने वीरवार को विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्यों तथा निदेशकों की बैठक में किया। विश्वविद्यालय के परीक्षा कार्यालय एवं संचालन शाखा द्वारा ऑफलाइन तथा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस बैठक में कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने कहा कि परीक्षा व्यवस्था की पवित्रता बनाए रखने का दायित्व विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ-साथ संबद्ध महाविद्यालयों पर भी है। कुलपति ने कहा कि परीक्षा संचालन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग पर रोक सख्ती से लगाई जाए। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग कड़ाई से रोका जाए। संबंधित जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का इस संबंध में सहयोग लेने की बात कुलपति ने कही। कुलपति ने आह्वान किया कि संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य गण परीक्षा संचालन में शैक्षणिक नेतृत्व प्रदान करेंगे। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए. एस. मान ने विश्वविद्यालय प्रशासन तथा संबद्ध महाविद्यालयों के सामूहिक प्रयासों से सुचारू परीक्षा संचालन संभव होगा। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि परीक्षाओं का सुचारू संचालन विवि प्रशासन तथा संबद्ध महाविद्यालयों का नैतिक दायित्व है।



रोहतक। महाविद्यालयों, संस्थानों के प्राचार्यों तथा निदेशकों की बैठक लेते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया। फोटो : हरिभूमि

## पठानिया स्कूल में इंटर क्लास फुटबॉल स्पर्धा में बच्चों ने दिखाया खेल कौशल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में 4 से 6 मई तक आयोजित तीन दिवसीय इंटर क्लास फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मैदान पर बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रारंभिक मुकाबलों के बाद चयनित टीमों के बीच फाइनल मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का परिचय दिया।

प्रतियोगिता का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक विभू श्रीवास्तव, सुमीत राणा, इजहार, मनदीप और मोनिका के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में छठी इक्को बॉयज और फ्लेमिंगो गर्ल्स, सातवीं डेल्टा बॉयज व गर्ल्स तथा आठवीं ब्रेवो बॉयज और अल्फा गर्ल्स टीम विजेता रहीं।

## एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिपः रोहतक के मुक्केबाज प्रशांत ने पक्का किया पदक



रोहतक। उज्बेकिस्तान में 1 से 16 मई तक आयोजित हो रही अंडर-15 और अंडर-17 एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा के छोरे प्रशांत ने अपनी जीत का परचम लहराया है। रोहतक के उभरते हुए मुक्केबाज प्रशांत ने शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे देश के लिए एक और पदक सुनिश्चित हो गया है। इस प्रतियोगिता में अब तक भारतीय दल ने कुल 27 पदक पक्के कर लिए हैं, जिनमें 14 लड़कियां और 13 लड़के शामिल हैं। प्रशांत की इस बड़ी जीत पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने हर्ष व्यक्त किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा प्रशांत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोहतक और हरियाणा का मान बढ़ाया है। कजाकिस्तान जैसे मुक्केबाजी के गढ़ वाले देश के खिलाड़ी को हराना यह दर्शाता है कि हमारे जमीनी स्तर के कोच और खिलाड़ी सही दिशा में मेहनत कर रहे हैं। 27 पदकों का पक्का होना भारतीय बॉक्सिंग के भविष्य के लिए एक सुनहरा संकेत है। मेरी शुभकामनाएं प्रशांत और पूरी टीम के साथ हैं; हमें पूरा भरोसा है कि ये पदक गोल्ड में तब्दील होंगे। कोच नवीन खोखर ने प्रशांत की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रशांत टूर्नामेंट की शुरुआत से ही जबरदस्त फॉर्म में हैं। पहला मुकाबले में प्रशांत ने कजाकिस्तान के मजबूत बॉक्सर को हराकर अपनी दावेदारी पेश की।

मार्केट न्यूज

## न्यूजीलैंड की एमी को अथर्व आयुर्वेद में भावुक विदाई, दो माह तक सिखाया विन्यास योग



रोहतक। अथर्व आयुर्वेद में दो महीने तक आयुर्वेदिक उपचार लेने और शहरवासियों को योग प्रशिक्षण देने के बाद न्यूजीलैंड से आई एमी को भावुक विदाई दी गई। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संजीव मदान, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. प्रिंस गिरोत्रा और चीफ वैलनेस ऑफिसर डॉ. डेनिश ने बताया कि एमी के साथ बिताया समय यादगार रहा। एमी और योग विशेषज्ञ डॉ. कृति ने लोगों को विन्यास योग की तकनीक आसान तरीके से सिखाई। प्रतिभागियों ने बताया कि योग से शरीर में लचीलापन, संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा महसूस हुई। पहले से योग कर रहे लोगों ने भी नई तकनीकों का लाभ उठाया।

एमी ने अथर्व आयुर्वेद में आयुर्वेद और पंचकर्म चिकित्सा से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया और नई ऊर्जा महसूस की। विदाई के दौरान प्रतिभागियों ने उनसे कुछ और समय रुकने का आग्रह भी किया। एमी ने रोहतकवासियों और अथर्व आयुर्वेद का स्नेह, सहयोग और बेहतरीन उपचार के लिए आभार जताते हुए दोबारा रोहतक आने की इच्छा व्यक्त की।

## समाधान शिविरों में शिकायतों के समयबद्ध निपटारे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीसी सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध और स्थायी समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का तय अवधि में निपटारा सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित नागरिकों से संवाद भी बनाए रखा जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों का एक ही छत के नीचे त्वरित समाधान करना है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविरों और अन्य शिकायत पोर्टलों पर लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जा रही है। नागरिकों से फीडबैक लेने के लिए जिला स्तर पर कॉलिंग सेल भी स्थापित किया गया है।



## अधिक से अधिक मामले राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाने का करें प्रयासः तेवतिया



रोहतक। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से रोहतक कोर्ट परिसर में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में इंश्योरेंस कंपनियों के पैनल पर कार्यरत अधिवक्ताओं और मैनेजरों ने भाग लिया। तेवतिया ने उपस्थित अधिवक्ताओं और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाने के प्रयास किए जाए, ताकि लंबित मुकदमों का शीघ्र, सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध करवाने का प्रभावी माध्यम है। इसमें आपसी सहमति से मामलों का निपटारा होने से समय और धन दोनों की बचत होती है तथा न्यायिक प्रक्रिया भी आसान बनती है। अजय तेवतिया ने सभी संबंधित पक्षों से अपील की कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक मामलों के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## सांपला के विकास की जिम्मेदारी मेरी, प्रवीण कोच के एक फोन पर होगा काम : मुख्यमंत्री

सांपला। नगरपालिका चुनाव को लेकर सांपला का सियासी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। भाजपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विशाल जनसभा आयोजित की। मुख्यमंत्री ने नगरपालिका चेयरमैन पद के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण कोच और 15 वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनता से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि सांपला के विकसा की मेरी जिम्मेदारी है। प्रवीण कोच के एक फोन पर काम होगा। इस दौरान प्रवीण कोच ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने लाइनपार क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाया। प्रवीण ने मुख्यमंत्री से लाइनपार क्षेत्र में कम्युनिटी सेंटर, शमशान घाट, गलियों के निर्माण, पानी निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा गिझी फाटक पर अंडरपास बनवाने की मांग रखी। इस मौके पर जनसभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, मेयर राम अवतार बाल्मीकि, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल और रामचंद्र जांगड़ा ने भी किया संबोधित किया। इस अवसर पर खरखौदा विधायक पवन खरखोदा, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि, वरिष्ठ नेता कृष्णमूर्ति हुड्डा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजु हुड्डा, दीपक निवास हुड्डा, जिला प्रभारी सत्येंद्र परमार, डॉ. दिनेश घिलौड़ तथा मंडल अध्यक्ष कपिल अत्री, भाजपा के प्रधान पद के उम्मीदवार प्रवीन कोच व सभी पार्षद प्रत्याशी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## 92 वर्षीय कामरेड चंद्र सिंह का श्रमिक संगठनों ने किया सम्मान

रोहतक। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राज्य प्रधान अनूप सिंह मातनहेल ने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी से संबद्ध भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के पूर्व जिला प्रधान चंद्र सिंह को बुधवार को सम्मानित किया गया। हिसार रोड स्थित नवभारत क्षेत्र के पास उनके पुत्र की दुकान पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन के नेताओं ने उन्हें फूलमाला पहनाकर और नया परना ओढ़ाकर सम्मान दिया। इस अवसर पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान, राज्य सह-सचिव राजकुमार तथा एआईडीवाईओ के जिला अध्यक्ष हरिश कुमार सैनी भी मौजूद रहे। नेताओं ने चंद्र सिंह को संगठन का बैज लगाकर पुनः सदस्यता भी दिलाई। 92 वर्षीय चंद्र सिंह संगठन के नेताओं से मिलकर भावुक और प्रसन्न नजर आए। उनके बड़े पुत्र कंवर सिंह और पोते अरविंद भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान चंद्र सिंह ने मुस्कुराते हुए कहा कि आज मेरी उम्र 10 साल और बढ़ गई है। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनके भीतर संगठन के प्रति वही जोश, उत्साह और गहरी आस्था देखने को मिली, ऐसा चंद्र सिंह ने कहा। चंद्र सिंह ने कर्मचारियों के हित में सदैव सराहनीय कार्य किए है। कर्मचारियों के हितों की लड़ाई उन्होंने राज्य स्तर पर कई बड़े आंदोलन में भाग लेकर लड़ी है।

■ संगठन नेताओं ने पुनः बैज लगाकर दिलाई सदस्यता

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

## एनसीसी विद्यार्थियों ने जाना होटल प्रबंधन



रोहतक। तिलियार झील स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में वीरवार को एनसीसी कैडेट्स के लिए करियर जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी एवं झज्जर जिलों से आए लगभग 350 एनसीसी की छात्राओं ने भाग लिया। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाहरवीं के बाद होटल प्रबंधन एवं आतिथ्य क्षेत्र में उपलब्ध करियर एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं तथा आतिथ्य उद्योग में रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। संस्थान के व्याख्याताओं बृजेश वाधवा, प्रियंका हुड्डा, प्रतिब बुडानिया, उमेश कुमार एवं सौरभ सपरा ने विद्यार्थियों को बताया कि संस्थान में 3 वर्षीय बी.एससी. (आतिथ्य एवं होटल प्रशासन) डिग्री कार्यक्रम के साथ-साथ होटल प्रबंधन एवं आतिथ्य से संबंधित विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय (कला, वाणिज्य अथवा विज्ञान) से उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा इन पाठ्यक्रमों में अभी प्रवेश प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्राचार्य शंभूनाथ गौतम ने गर्ल्स एनसीसी बटालियन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल अमित मैथ्यू, सभी अधिकारियों एवं एनसीसी कैडेट्स का धन्यवाद किया।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने माथे से लगाई पैतृक गांव निंदाना की मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने वीरवार को अपने पैतृक गांव निंदाना की पावन मिट्टी को माथे से लगाकर जन्मभूमि को नमन किया। हरियाणा कला परिषद के निदेशक एवं मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने उन्हें निंदाना गांव की रज भेंट की। इस अवसर पर भावुक होते हुए मनोहर लाल ने कहा कि वह अपनी जन्मभूमि निंदाना को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मिट्टी ने उन्हें संस्कार, संघर्ष और समाज सेवा की प्रेरणा दी है। बचपन से इसी माटी में खेलने और गांव की सरल संस्कृति को करीब से देखने का अवसर मिला, जिसने उनके व्यक्तित्व को आकार दिया। उन्होंने कहा कि निंदाना की मिट्टी को माथे से लगाकर वे एक बार फिर बचपन की यादों के सफर में लौट गए। गजेंद्र फौगाट ने कहा कि गांववासी मनोहर लाल को अपना गौरव और प्रेरणा का प्रतीक मानते हैं।



## राज्य जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप आज से

रोहतक। 58वीं हरियाणा राज्य जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका वर्ग) का आयोजन 8, 9 एवं 10 मई को शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम किलोई (रोहतक) में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन रोहतक द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का उद्देश्य प्रदेश में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देना तथा युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा
रा.प्र.क्र. 202502231600016/अ-27/वर्ष 2025-26
// राजस्व मामले में नोटिस //
क्र./177/वा./अ.वि.अ/2025
बेरला दिनांकः 04.05.2026
कुणाल पिता अशोक जाट एवं 02 अन्य
विरूध्द
बेदपाल पिता राजपाल जाट
प्रति
बेदपाल पिता राजपाल जा
निवासीः ग्राम बहिंगा उप तहसील देवरबीजा तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) वर्तमान पताः ग्राम व पोस्ट खरखड़ा महम तहसील व जिला रोहतक (हरियाणा)
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यह अपील, अपीलार्थीगण द्वारा माननीय अधिनस्थ न्यायालय के प्र.क्र. 202502231200017/अ-27/वर्ष 2024-24 में पारित आदेश दिनांक 24/11/2025 से क्षुब्ध होकर प्रस्तुत किया जा रहा है।
प्रकरण मेरे न्यायालय में लंबित है, जिसकी सुनवाई दिनांक 15/05/2026 के दिन के समय 11.00 बजे स्थान बेरला में नियत है। अतः आप नियत तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होंवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 04.05.2026 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।
हस्ता/-अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अनुद्रिभागीय अधिकारी (रा) बेरला, जिला बेमेतरा (छग)

प्रदर्शनी — सुना था युवा अपनी पारंपरिक कला से जुड़ नहीं रहे, लेकिन यहां आकर चिंता खत्म हो गईः मनोहर

# 'अभिव्यंजना' में दिखी विरासत व संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स में कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' का गुरुवार को पांचवां दिन बेहद खास रहा। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने यूनिवर्सिटी परिसर पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उनके साथ राज्यसभा सांसद संजय भाटिया व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि मनोहर लाल ने इस दौरान आयोजित अवॉर्ड वितरण समारोह में फैकल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया व यूनिवर्सिटी की कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। मनोहर लाल ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया और छात्रों से उनके काम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खुद भी कैनवास पर रंग भरकर अपनी रचनात्मक भागीदारी दर्ज कराई और छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। कहा कि वह काफी समय से इस यूनिवर्सिटी में आने की इच्छा रखते थे, लेकिन पहली बार यहां आकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हुई। कुलगुरु उनके पुराने साथी हैं और लंबे समय तक उनका काम देखा है, लेकिन यहां आकर उनका एक अलग व छुपा हुआ प्रतिभाशाली रूप देखने को मिला है। एक कलाकार अपनी भावनाओं व कलात्मक सोच को किस सीमा तक प्रस्तुत कर सकता है, वह इस प्रदर्शनी में आकर देखने को मिला। उन्होंने सुना था कि युवा अपनी पारंपरिक कला से जुड़ नहीं रहे हैं, लेकिन यहां आकर मेरी चिंता खत्म हो गई है।

प्रदर्शनी का नाम 'अभिव्यंजना' रखा गया है, जो खुद में ही सब कुछ बयां कर देते है। प्रदर्शनी में सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज, लोक परंपराओं, विरासत व संस्कृति की झलक स्पष्ट दिखाई दी।



रोहतक। डीएलसीसुपवा में आयोजित 'अभिव्यंजना' के दौरान कलाकृति में रंग भरते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल। फोटो : हरिभूमि

#### 'रास रंग' की मनमोहक प्रस्तुति दी

एफटीवी विभाग के छात्रों ने 'रास रंग' की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसमें नाट्य विधा में इस्तेमाल गीतों का समावेश था। समारोह के दौरान फैकेल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के 19 छात्रों को 'बेस्ट आर्ट वर्क अवॉर्ड' और 30 विद्यार्थियों को प्रशंसा पदक व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

#### पुराने दिन याद आ गए

राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि छात्रों को इतना सकारात्मक व रचनात्मक माहौल देना वास्तव में अद्भुत कार्य है। इसके लिए यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ अमित आर्य बधाई के पात्र हैं। यहां आकर उन्हें अपने पुराने दिन याद आ गए। वह खुद भी कला व मंच से जुड़े रहे हैं और रामलीला में राम, लक्ष्मण व सीता जैसे किरदार निभा चुके हैं।

#### ये रहे मौजूद

डीसी सचिन गुप्ता, एसपी गौरव राजपुरोहित, एडीसी नरेंद्र कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क तथा भाषा विभाग के विशेष प्रचार प्रकोष्ठ के ओएसडी व गायक गजेंद्र फौगाट, यूनिवर्सिटी के एकेडमिक डीन डॉ अजय कौशिक, कोऑर्डिनेटर विनय कुमार के साथ अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

सफाई कर्मियों की हड़ताल के 7वें दिन शहर में लगे गंदगी के ढेर, नाक भी सिकोड़कर निकले लोग, कूड़ा नहीं उठा तो बीमारी फैलने का खतरा बढ़ जाएगा, बच्चों को परेशानी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के घर के सामने और डी-पार्क पर उतरवा दिया कूड़ा, बाद में रात को पुलिस की सुरक्षा में उठवाया

# सफाई करने वाले ही गंदगी फैलाने पर उतरे


डी-पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर पालिका कर्मचारी संघ की हड़ताल लगातार तेज होती जा रही है। वीरवार को कर्मचारियों ने प्रधान शंभू के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ रोष जताया। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था और कचरा उठाने के मुद्दे को लेकर अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास के बाहर भी कचरे से भरी ट्रॉली खाली कर विरोध जताया और जोरदार नारेबाजी की।

कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसके चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। गौरतलब है कि नगर पालिका कर्मचारी 1 मई से लगातार हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि नगर निगम प्रशासन की ओर से ठेके पर लगे कर्मचारियों के माध्यम से सफाई व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसी बीच स्थायी और ठेका कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति भी सामने आई। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और तनाव बढ़ने के बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया था। बाद में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बातचीत के जरिए विवाद शांत करवाया गया। स्थायी कर्मचारी जहां हड़ताल पर डटे हुए हैं, वहीं ठेका कर्मचारी नियमित रूप से कचरा उठाने का कार्य कर रहे हैं।

## हड़ताल का गंदा प्रदर्शन, शहर में प्रारंभ किया कचरा 'युद्ध'

## हड़ताल को 11 मई तक बढ़ाने का किया ऐलान


निगम का गेट


डीपार्क के पास नारेबाजी

### हड़ताल से हालात गंभीर

शहर में सफाईकर्मियों की हड़ताल से हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। सड़कों, गलियों और बाजारों में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कचरा न उठने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर रिहायशी इलाकों और बाजारों में स्थिति ज्यादा खराब है। सफाईकर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं, लेकिन प्रशासन और कर्मचारियों के बीच अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

### कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान शंभू ने कहा कि कर्मचारियों की कई पुरानी मांगें लंबित पड़ी हैं। उन्होंने मांग उठाई कि निगम में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को स्थायी किया जाए तथा ठेका प्रथा समाप्त की जाए। इसके अलावा कर्मचारियों को जोखिम भत्ता के रूप में 5000 रुपये प्रतिमाह दिए जाने, पेट्रोल और मोबाइल खर्च दिया जाए।

### कर्मचारियों को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल रही

सफाई कर्मचारी हर मौसम और हर परिस्थिति में शहर को स्वच्छ रखने का कार्य करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कर्मचारियों ने सरकार से जल्द वार्ताकर और उनकी मांगे मानकर समाधान निकालने की मांग की है, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था सामान्य हो सके।


रात को ऐसे समेटा कचरा

जिला प्रशासन ने देर रात पुलिस की मौजूदगी में डीपार्क समेत कई जगहों से कूड़ा उठवाया। इसके बाद सड़कों को गंदगी से कुछ राहत मिली। हालांकि बताया जा रहा है कि सफाई कर्मियों ने हड़ताल को 11 तक बढ़ा दिया है। इससे हालात और बिगड़ेंगे।

नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल

# गंदगी से अटी गलियां बना बिमारियों का खतरा



महम। जेसीबी मशीन के टायर के पास बैठा नगर पालिका का हड़ताली सफाई कर्मी व जेसीबी मशीन चालक को सफाई करने से रोकती महिला सफाई कर्मी। फोटो :हरिभूमि

- सफाई करवाने फिल्ड में उतरे अधिकारियों के सामने जेसीबी मशीन के आगे लेटे सफाई कर्मचारी
- सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल चार दिन और आगे बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी पिछले एक हफ्ते से लगातार हड़ताल पर हैं। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से शहर में जगह जगह गंदगी फैली हुई है। चौक चौराहों, दुकानों और मकानों के सामने कुड़े के ढेर लगे हुए हैं। शहर की गलियां सड़ांध मार रही हैं। शहर में चारों तरफ फैली इस बदबू से शहरवासियों का जीना मुश्किल हो गया है।

राहगीर और वाहन चालक कूड़े के ढेरों के ऊपर से चलने को मजबूर हैं। नगर पालिका अधिकारियों को उम्मीद थी कि वीरवार को सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो जाएगी। लेकिन सफाई कर्मचारियों की हड़ताल वीरवार को भी नहीं समाप्त हुई। बुधवार और वीरवार को नगर पालिका अधिकारियों व सफाई ठेकेदार ने शहर में जेसीबी मशीन लगाकर अन्य प्राइवेट सफाईकर्मी बुलाकर उनसे शहर की सफाई का प्रयास किया। लेकिन हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने शहर की साफ सफाई नहीं करने दी। बुधवार को भी मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने।

### दमकल कर्मियों के समर्थन में डटे सफाई कर्मचारी

वीरवार को सैमाण चुंगी के पास सफाई करने के लिए जैसे ही ठेकेदार ने जेसीबी चालू करवाई तो हड़ताली सफाई कर्मचारी जेसीबी मशीन के सामने लेट गए और महिला सफाई कर्मचारी जेसीबी मशीन के आगे सटकर खड़ी हो गई। नपा सफाई कर्मी दमकल कर्मचारियों के समर्थन में हड़ताल कर रहे हैं। दमकल कर्मियों की फरीदाबाद में आग बुझाते समय मारे गए दो कर्मचारियों को शहीद का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं और उनके परिवारों को पर्याप्त आर्थिक सहायता व परिवार के एक एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन दमकल कर्मियों की मांगें नहीं मान रही।

# प्रोफेसर नसीब सिंह गिल बने फैकल्टी ऑफ मैथेमेटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज के डीन

नियुक्ति एमडीयू एक्ट के स्टैच्यूट-19 के तहत की , डॉ. गिल का कार्यकाल 31 मार्च 2028 या सेवानिवृत्ति तक रहेगा

- डॉ. गिल शिक्षण, शोध और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से योगदान दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहत

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्यूट-19 के प्रावधानों के तहत कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल को नवगठित फैकल्टी ऑफ मैथेमेटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज पहला डीन नियुक्त किया है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि बतौर डीन, फैकल्टी ऑफ मैथेमेटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज प्रो. नसीब सिंह गिल की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से 31 मार्च 2028 तक, उनकी सेवानिवृत्ति तिथि तक प्रभावी रहेगी।



गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में हाल ही में फैकल्टी ऑफ मैथेमेटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज का गठन किया गया है और डॉ. नसीब सिंह गिल इस नए संकाय के प्रथम डीन होंगे। डॉ. नसीब सिंह गिल शिक्षण, शोध एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं।

डॉ. नसीब सिंह गिल ने इस नियुक्ति पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संकाय को शैक्षणिक और शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## एमडीयू में प्रो. सपना बनीं फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज की डीन



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो मिलाप पूनियाँ ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्यूट-19 के प्रावधानों के तहत केमिस्ट्री विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सपना गर्ग को फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज का डीन नियुक्त किया है। कुलसचिव प्रो संदीप बंसल ने बताया कि बतौर डीन, फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज प्रो. सपना गर्ग की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से तीन वर्षों की अवधि के लिए की गई है। प्रो. सपना गर्ग लंबे समय से शिक्षण, शोध एवं प्रशासनिक कार्यों में सक्रिय रही हैं। उनकी नियुक्ति पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। नवनियुक्त डीन, फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज प्रो. सपना गर्ग ने कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि वे संकाय के शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगी।

## मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में युवक पर फायरिंग करने वाला पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 6 मई को कबुलपुर निवासी कृष्ण की शिकायत पर थाना आईएमटी में मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कृष्ण की बहन मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करती है। शिकायत के अनुसार एक युवक द्वारा गाली-गलौज किए जाने की जानकारी मिलने पर कृष्ण अपने साथियों के साथ यूनिवर्सिटी पहुंचा। बताया गया कि कृष्ण अपनी बहन को साथ लेकर कैंटीन में युवक से बातचीत करने पहुंचा था। इसी दौरान आरोपी युवक ने गुस्से में आकर कृष्ण पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली के छर्रे कृष्ण को लगे, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद यूनिवर्सिटी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले की जांच उप निरीक्षक सुरेंद्र द्वारा की गई।

# ऑनलाइन शिक्षण मंच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में "बृहत मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी) और स्वयं के माध्यम से शिक्षा का रूपांतरण" विषय पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय द्वारा विश्वविद्यालय के एमओओसी एवं स्वयं सेल तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में करीब 60 प्रतिभागियों सहित शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) बीएम यादव तथा कुलसचिव प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षण मंच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. (डॉ.) नवीन कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग अत्यंत आवश्यक है। वहीं विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञ वक्ता प्रो. जगबीर अहलावत ने एमओओसी एवं स्वयं मंच की उपयोगिता, संरचना और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

# बेरी नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण दवाइयों और जांच कार्य में मिली कमियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बेरी के नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई व्यवस्थाओं की जांच की गई और कुछ कमियां सामने आने पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण टीम में उप सिविल सर्जन डॉ. कुलदीप, उप सिविल सर्जन डॉ. सुनीता तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुनीता अरोड़ा शामिल रहीं। टीम ने प्रसूति कक्ष, दवा वितरण केंद्र, आपातकालीन सेवा, मुख्य भंडार कक्ष और जांच प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। इसके अलावा बाह्य रोगी विभाग और आपातकालीन कक्ष में पहुंचे मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा मौके पर समाधान भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान दवा वितरण केंद्र में 420 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध मिलीं, जबकि आवश्यक दवाओं की सूची के अनुसार यह संख्या कम पाई गई। अधिकारियों ने दवाइयों की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं जांच प्रयोगशाला में बलगम और मलेरिया जांच के लिए बहुत कम नमूने तैयार किए जाने पर नाराजगी जताई गई। अधिकारियों ने तय लक्ष्य के अनुसार जांच कार्य बढ़ाने के निर्देश वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को दिए।

### निरीक्षण टीम ने अस्पताल व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अस्पताल में वयस्क मरीजों की संख्या 209 दर्ज की गई। भर्ती मरीजों की फाइलों की जांच की गई, जो पूरी और सही पाई गईं। बाह्य रोगी विभाग में आए मरीजों के पर्चे भी जांचे गए, जिनमें बाहर से दवाई लिखे जाने का मामला सामने नहीं आया।निरीक्षण टीम ने चिकित्सकों को समय पर मरीज देखने और बाहर की दवाइयां नहीं लिखने के निर्देश दिए। साथ ही जांच कर्मचारियों को सभी जांचें निर्धारित मानकों के अनुसार कर उसी दिन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए।

# महिला और युवक को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

- 128 ग्राम अफीम व 6 .88 ग्राम हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस की टीम ने अलग-2 स्थानो से महिला व युवक को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। महिला से 6.88 ग्राम हैरोईन व युवक से 128 ग्राम अफीम बरामद हुई है। आरोपियो को अदालत में पेश किया गया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि स.उप.नि. अनिल के नेतृत्व मे नशा निरोधक शाखा की टीम खरावड बाईपास चौक रोहतक के पास गश्त मे मौजूद थी। दौराने गश्त सूचना मिली की जींद निवासी युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर तुंरत कार्यवाही करते हुये दिल्ली रोड पर स्थित दुकान के पास खडे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान देवेन्द्र पुत्र जयकिशन निवासी पोली जींद के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास 128 ग्राम अफीम बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना आईएमटी मे अभियोग संख्या 108/2026 अंकित कर गिरफ्तार किया गया है। दौराने गश्त कच्ची गढी मौहल्ला से शीलु निवासी कच्ची गढी मौहल्ला को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया। महिला से 6.88 ग्राम हैरोईन बरामद हुई। महिला के खिलाफ थाना शहर रोहतक मे अभियोग संख्या 129/2026 अंकित किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

सरकारी नौकरी से ग्लोबल थिंक टैंक तक, अनगिनत मौके

# सिर्फ नेता ही नहीं, नीति निर्माता भी बनाता है राजनीति विज्ञान

स्टूडेंट गाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आज के बदलते दौर में राजनीति विज्ञान केवल सत्ता और चुनाव की समझ तक सीमित विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह युवाओं के लिए करियर, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। लोकतंत्र, संविधान, अंतरराष्ट्रीय संबंध, सार्वजनिक नीति और प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ प्रदान करने वाला यह विषय छात्रों को जागरूक नागरिक बनाने के साथ-साथ विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों के लिए भी तैयार करता है। सिविल सेवा, पत्रकारिता, कानून, रिसर्च, राजनीतिक विश्लेषण और नीति निर्माण जैसे क्षेत्रों में राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह विषय युवाओं में आलोचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करता है। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में छात्र राजनीति विज्ञान को केवल अकादमिक विषय नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रभावशाली करियर विकल्प के रूप में देख रहे हैं।

- युवाओं को जागरूक नागरिक और सफल प्रोफेशनल बनाने में सक्षम
- लोकतंत्र की समझ से विकसित होती है नेतृत्व क्षमता
- यूपीएससी और सिविल सेवा की तैयारी में भी सबसे उपयोगी विषय
- समाज और सरकार के बीच जागरूक सेतु बनते हैं विद्यार्थी
- डेटा आधारित राजनीति ने बढ़ाई विशेषज्ञों की जरूरत

### राष्ट्र विकास में अहम भूमिका



नेकीराम कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास खोखर ने विषय की महत्ता बताते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में राजनीति विज्ञान की अहम भूमिका होती है। यह विषय छात्रों को समाज के प्रति एक जागरूक दृष्टिकोण प्रदान करता है। छात्र सरकारी नीतियों का बारीकी से विश्लेषण करना और उनकी कमियों को पहचानना सीखते हैं।

### करियर के विविध आयाम

- **लोक सेवा** : यूपीएससी और राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में राजनीति विज्ञान सबसे लोकप्रिय और सफल विषयों में से एक है। सिविल सेवा में एक विषय अंतरराष्ट्रीय संबंधों से संबंधित एक अलग से पेपर होता है। यह पेपर पूरी तरह से राजनीति विज्ञान के सिलेबस का हिस्सा है।
- **शिक्षा और अनुसंधान**: स्नातक और स्नातकोत्तर के बाद छात्र नेट या पीएचडी कर कॉलेज और विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर के रूप में शानदार करियर बना सकते हैं। इसके अलावा, सीएसडीएस (सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज) और ओरआरएफ ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन ( ओआरएफ ) जैसे प्रसिद्ध थिंक टैंक में शोधकर्ता के रूप में कार्य करने के अवसर भी मौजूद हैं।
- **राजनीतिक विश्लेषक** : राजनीतिक विश्लेषक के रूप में छात्र चुनाव अभियानों का प्रबंधन कर सकते हैं और राजनीतिक दलों के लिए रणनीतिक सलाहकार की भूमिका निभा सकते हैं।
- **पत्रकारिता और कानून**: राजनीति की गहरी समझ रखने वाले छात्र मीडिया जगत में पॉलिटिकल बीट के विशेषज्ञ पत्रकार बन सकते हैं। वहीं, कानून की पढ़ाई कर कानूनी विशेषज्ञ या संवैधानिक वकील के तौर पर पहचान बनाई जा सकती है।
- **एनजीओ और नीति विश्लेषण** : विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों और गैर-सरकारी संस्थानों में सार्वजनिक नीति तैयार करने के लिए राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञों की भारी मांग रहती है।